JAGRAN Josh
your guide to success

WWW.JAGRANJOSH.COM

यूपीपीसीएस अवर अधीनस्थ परीक्षा 2009 : भूगोल

विषय : भूगोल

Sub : GEOGRAPHY

पूर्णांक : 200
समय : 2 घण्टे

Max. Marks : 200
Time : 2 Hours

अपना अनुक्रमांक बॉक्स में लिखें (अंकों में / शब्दों में) ।
Write your Roll Number in the box (in numbers / in words)

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल काले बाल प्वाइंट पेन का इस्तेमाल करें ।
To mark Answer use Black ball point pen only.

जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।
Till told, do not open the booklet.

अभ्यर्थी उत्तर पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।
Candidate must read all the instructions before writing the answers.

आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । परीक्षा उपरांत उत्तर-पत्रक इनविजिलेटर को लौटा दें ।
You are to mark your answer on Answer Sheet only. After the examination is over, handover the Answer Sheet to the Invigilator.

महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
2. उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न-पत्र का सही कोड एवं सीरीज अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
3. इस प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं । अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर काले बाल प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा ।
4. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें । यदि आप रफ कार्य करना चाहते हैं तो आप इनविजिलेटर से वर्किंग शीट माँग लें व इस पर वांछित सूचनायें भर लें ।
5. प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो तो इनविजिलेटर को दिखाकर उसी सीरीज व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें ।

IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer all questions. All questions carry equal marks.
2. The candidate should indicate the correct Roll Number, Subject, Paper Code and its Series on the Answer-Sheet, otherwise the Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.
3. This booklet contains **100** questions. Each question has 4 alternative answers. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the answer sheet using **black ball point pen.** If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be examined.
4. Nothing is to be written on the cover page or any other page of this booklet. If you need a working sheet to do your rough work, please ask the invigilator for it and mention required information on it.
5. If you happen to find that the booklet issued to you does not have all the pages properly printed or it has any other deficiency, then you need to approach the invigilator to get another booklet of same series and code.

भूगोल

1. निम्न मानचित्र प्रक्षेपों में से किसका ग्रहीय पवनों को दर्शाने हेतु उपयोग किया जाता है ?
   (a) मरकेटर
   (b) मालवीड
   (c) बहुशंक्वाकार
   (d) समक्षेत्री बेलनाकार

2. एक मानचित्र का मापक 1 : 40,000 से 1 : 20,000 में परिवर्तित कर दिया गया है । नए मानचित्र के आकार में कितने गुना की वृद्धि होगी ?
   (a) 2
   (b) 3
   (c) 4
   (d) 8

3. ऊँचाई के साथ समोच्च रेखाओं के बीच में बढ़ती समीपता का परिणाम होता है
   (a) अवतल ढाल
   (b) उत्तल ढाल
   (c) सरल ढाल
   (d) तरंगित ढाल

4. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
   (a) ओस ⌓ (b) ओला ∇
   (c) धुंध ∞ (d) इन्द्रधनुष ⌒

5. 63 K/12 स्थलाकृतिक पत्रक का विस्तार पाया जाता है
   (a) 7.5' अक्षांश × 7.5' देशान्तर
   (b) 15' अक्षांश × 15' देशान्तर
   (c) 30' अक्षांश × 30' देशान्तर
   (d) 1° अक्षांश × 1° देशान्तर

6. ग्लोब पर देशान्तर एवं भूमध्यरेखा के मध्य अनुपात है
   (a) 1 : 2
   (b) 1 : 1
   (c) 1 : 4
   (d) 2 : 1

7. अक्षांशों के बीच की दूरी भूमध्यरेखा से दूर जाने पर कम होती जाती है
   (a) बेलनाकार समदूरस्थ प्रक्षेप पर
   (b) बेलनाकार समक्षेत्र प्रक्षेप पर
   (c) मर्केटर प्रक्षेप पर
   (d) गॉल प्रक्षेप पर

8. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
   (a) डेविस जलसंधि – बैफिन सागर एवं अन्ध महासागर
   (b) डोवर जलसंधि – आर्कटिक सागर एवं उत्तर अन्ध महासागर
   (c) पाक जलसंधि – मन्नार की खाड़ी एवं बंगाल की खाड़ी
   (d) सुण्डा जलसंधि – जावा सागर एवं हिन्द महासागर

9. सेण्ट लॉरेन्स नदी घाटी प्रदेश प्रसिद्ध है
   (a) डेयरी कृषि हेतु
   (b) पुष्पोत्पादन हेतु
   (c) उद्यान कृषि हेतु
   (d) लकड़ी काटने हेतु

10. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची – I (खनिज)	सूची – II (उत्पादन क्षेत्र)
A. कोयला	1. हाईवेल्ड
B. सोना	2. कारागण्डा बेसिन
C. लोह अयस्क	3. क्रिवोई रॉग
D. पेट्रोलियम	4. सैन ज्वाकिन घाटी

कूट :

	A	B	C	D
(a)	2	3	1	4
(b)	2	1	3	4
(c)	4	1	2	3
(d)	1	2	3	4

11. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
(a) कील – फ्रांस
(b) कोकुरा – जापान
(c) न्यूपोर्ट – यूनाइटेड किंगडम
(d) विलमिंग्टन – संयुक्त राज्य अमेरिका

12. विश्व जनसंख्या के वितरण हेतु सबसे नकारात्मक प्रदेश है
(a) शीत प्रदेश
(b) वन प्रदेश
(c) उष्ण एवं शुष्क प्रदेश
(d) उष्ण एवं आर्द्र प्रदेश

13. वनाच्छादित क्षेत्र का उच्चतम प्रतिशत है
(a) अफ्रीका में
(b) एशिया में
(c) उ. अमेरिका में
(d) द. अमेरिका में

14. विश्व में खनिज तेल का सबसे बड़ा आयातक देश है
(a) चीन
(b) भारत
(c) जापान
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

15. प्रथम व्यापारिक तरंग फार्म स्थापित किया गया था
(a) डेनमार्क में (b) नीदरलैण्डस में
(c) पुर्तगाल में (d) स्पेन में

16. 'गेहूँ अर्द्ध चन्द्राकार क्षेत्र' अवस्थित है
(a) ऑस्ट्रेलिया में
(b) अर्जेन्टीना में
(c) कनाडा में
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका में

17. विश्व में इस्पात का सबसे बड़ा निर्यातक है
(a) चीन (b) जापान
(c) रूस (d) यूक्रेन

18. विश्व में सोने का अग्रणी उत्पादक है
(a) ऑस्ट्रेलिया
(b) चीन
(c) दक्षिण अफ्रीका
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

19. विश्व में प्राकृतिक रबड़ का अग्रणी उत्पादक है
(a) भारत (b) इण्डोनेशिया
(c) मलेशिया (d) थाईलैण्ड

20. निम्नलिखित मरुस्थलों में से कौन अपने नाइट्रेट निक्षेपों के लिए प्रसिद्ध है ?
(a) अटाकामा (b) गोबी
(c) कालाहारी (d) सहारा

21. दक्षिण अफ्रीका का पठार एक उदाहरण है
(a) तटीय पठार का
(b) महाद्वीपीय पठार का
(c) अन्तरापर्वतीय पठार का
(d) गिरिपद पठार का

22. सम्पूर्ण उत्पादन की तुलना में निम्नलिखित में से किस फसल का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार कम होता है ?

(a) कहवा का (b) चावल का
(c) रबड़ का (d) गेहूँ का

23. संयुक्त राज्य अमेरिका में सूती वस्त्र उद्योग उत्तरी पूर्वी राज्यों से दक्षिण में स्थानान्तरित हो गया

(a) उच्च श्रमिक लागत के कारण
(b) माँग में कमी के कारण
(c) पहाड़ी भूभाग के कारण
(d) कोयला की कमी के कारण

24. निम्नलिखित देशों को उनकी जनसंख्या के घनत्व (2011) के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये :

I. बांग्लादेश
II. चीन
III. मॉरिशस
IV. पाकिस्तान

कूट :

(a) II, IV, I, III (b) I, II, III, IV
(c) I, IV, III, II (d) IV, I, III, II

25. निम्नलिखित में से कौन संयुक्त राज्य अमेरिका की सबसे ऊँची पर्वत चोटी है ?

(a) अलबर्ट (b) किलायू
(c) मौना लाओ (d) मेकिन्ली

26. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(a) लौह एवं इस्पात उद्योग – यावाटा
(b) ऊनी वस्त्र उद्योग – ब्रैडफोर्ड
(c) सूती वस्त्र उद्योग – वारसेस्टर
(d) उर्वरक उद्योग – विजयवाड़ा

27. **कथन (A)** : जापान विश्व में मत्स्य आखेट के लिए प्रसिद्ध है ।

कारण (R) : जापान के चारों ओर चौड़े मग्न तट पाए जाते हैं ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही है एवं (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

28. निम्नलिखित में से कौन परिहिमानी क्षेत्रों में नहीं पाया जाता है ?

(a) टालिक्स (b) टूफा
(c) पल्सा (d) पिंगो

29. विश्व में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है

(a) बांग्लादेश (b) चीन
(c) कम्बोडिया (d) थाईलैण्ड

30. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची – I (खनिज)		सूची – II (प्राप्ति)
A.	कोयला	1. बिसबी
B.	ताम्र अयस्क	2. बाकू
C.	लौह अयस्क	3. मेसाबी
D.	पेट्रोलियम	4. वेस्टफैलिया

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	2	3	1
(b)	4	1	3	2
(c)	3	1	2	4
(d)	1	4	3	2

31. संयुक्त राज्य अमेरिका का निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र 'कैटिल कन्ट्री' कहलाता है ?

(a) मध्यवर्ती बेसिन
(b) वृहद् मैदान
(c) पर्वतीय प्रदेश
(d) दक्षिण-पूर्व

32. निम्नलिखित में से कौन विश्व का सघन आबादी वाला क्षेत्र नहीं है ?

(a) अमेजन बेसिन
(b) मिसिसिपी मैदान
(c) मानसून एशिया
(d) उत्तर-पश्चिमी यूरोप

33. निम्नलिखित में से कौन सी जलविद्युत परियोजना तमिलनाडु से सम्बन्धित नहीं है ?

(a) अलियार
(b) इदुक्की
(c) कुण्डाह
(d) पेरियार

34. भारत में ऊनी वस्त्रों का सबसे बड़ा उत्पादक है

(a) गुजरात
(b) महाराष्ट्र
(c) पंजाब
(d) उत्तर प्रदेश

35. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में हिन्दू अल्पसंख्यक हैं ?

(a) हिमाचल प्रदेश
(b) गोवा
(c) मणिपुर
(d) मिजोरम

36. भारत में प्रथम परमाणु शक्ति संयंत्र बनाया गया था

(a) काकरापार में
(b) कलपक्कम में
(c) नरोरा में
(d) तारापुर में

37. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची – I (पहाड़ी सैरगाह)	सूची – II (राज्य)
A. डलहौसी	1. जम्मू एवं कश्मीर
B. दार्जीलिंग	2. हिमाचल प्रदेश
C. मसूरी	3. पश्चिम बंगाल
D. पहलगाम	4. उत्तराखण्ड

कूट :

	A	B	C	D
(a)	2	4	3	1
(b)	1	3	2	4
(c)	2	3	4	1
(d)	3	1	4	2

38. भारत का लोह अयस्क उत्पादन में अग्रणी राज्य है

(a) छत्तीसगढ़
(b) झारखण्ड
(c) कर्नाटक
(d) उड़ीसा

39. भारत के सुदूर पूर्वी एवं सुदूर पश्चिमी क्षितिजों के बीच सूर्योदय के समय में विलम्ब की अवधि है लगभग

(a) 1 घण्टा
(b) 2 घण्टे
(c) 3 घण्टे
(d) 4 घण्टे

40. **कथन (A) :** भारत की जनसंख्या में हाल के वर्षों के दौरान वृद्धि दर में घटाव देखा गया है ।

कारण (R) : 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की लगभग तीन-चौथाई जनसंख्या शिक्षित है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

41. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ?

(a) गंगा – बनास

(b) गोदावरी – भीमा

(c) कृष्णा – इन्द्रावती

(d) महानदी – तेल

42. निम्नलिखित में से कौन सी नदी खंभात की खाड़ी में गिरती है ?

(a) पेरियार

(b) शरावती

(c) तापी

(d) तुंगभद्रा

43. निम्नलिखित में से कौन टोडा जनजाति का निवास्य है ?

(a) गारो पहाड़ियाँ

(b) जौंसर पहाड़ियाँ

(c) खासी पहाड़ियाँ

(d) नीलगिरि पहाड़ियाँ

44. निम्नलिखित में से कौन सा शैल-तंत्र भारत में सबसे पुराना है ?

(a) कुडप्पा (b) धारवाड़

(c) गोंडवाना (d) विन्ध्य

45. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(a) कैगा – कर्नाटक

(b) ककरापार – गुजरात

(c) कुदनकुलम – केरल

(d) नरोरा – उत्तर प्रदेश

46. निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत की काली मिट्टियों के बारे में सही नहीं है ?

(a) इनका विकास बेसाल्ट की चट्टानों पर हुआ है ।

(b) ये महाराष्ट्र में सुविस्तृत हैं ।

(c) ये जैव पदार्थ में सम्पन्न तथा लौह में विपन्न हैं ।

(d) ये स्वत: कृष्य मिट्टियाँ हैं ।

47. भारत का निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र सर्वाधिक औसत वार्षिक वर्षा प्राप्त करता है ?

(a) अण्डमान एवं निकोबार द्वीप

(b) अरुणाचल प्रदेश

(c) लक्षद्वीप

(d) मेघालय

48. भारत में आने वाले पश्चिमी विक्षोभों की उत्पत्ति होती है

(a) अरब सागर से

(b) बंगाल की खाड़ी से

(c) भूमध्य सागर से

(d) लाल सागर से

49. समुद्री जल से नमक उत्पादन हेतु प्रसिद्ध मीठापुर स्थित है

(a) आन्ध्र प्रदेश में

(b) गुजरात में

(c) महाराष्ट्र में

(d) ओडिशा में

50. पश्चिम से पूरब को निम्नलिखित हिमालयी चोटियों का कौन सा सही अनुक्रम है ? नीचे दिए गए कूट से अपना उत्तर चुनिए :

1. धौलागिरि
2. कामेट
3. कंचनजंघा
4. नन्दादेवी

कूट :

(a) 2, 1, 4, 3
(b) 2, 4, 1, 3
(c) 1, 4, 3, 2
(d) 4, 3, 1, 2

51. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) आन्ध्र प्रदेश भारत में अभ्रक का सबसे बड़ा उत्पादक है ।
(b) ओडिशा भारत में बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक है ।
(c) झारखण्ड भारत में लोह अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक है ।
(d) महाराष्ट्र के पास भारत में मैंगनीज का सबसे विशाल भण्डार है ।

52. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(a) बीरमित्रपुर – मैंगनीज अयस्क
(b) खेतड़ी – ताम्र अयस्क
(c) कोडरमा – अभ्रक
(d) कुद्रेमुख – लोह अयस्क

53. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का सर्वाधिक नगरीकृत राज्य है

(a) गोवा
(b) केरल
(c) मिजोरम
(d) तमिलनाडु

54. कश्मीर घाटी एक उदाहरण है

(a) हिमानीकृत घाटी का
(b) नदीकृत घाटी का
(c) विवर्तनिक घाटी का
(d) इनमें से कोई नहीं

55. निम्नलिखित में से किस पर्वतीय दर्रा से लेह को जाया जाता है ?

(a) बानिहाल
(b) चुम्बी घाटी
(c) शिपकी
(d) जोजिला

56. **कथन (A) :** भारत में असम चाय का सबसे बड़ा उत्पादक है ।

कारण (R) : असम में सस्ते जनजातीय श्रमिकों की प्रचुरता है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या <u>नहीं</u> है ।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

57. निम्नलिखित में से किस स्थान पर मई के दौरान सर्वाधिक तापमान दर्ज किया जा सकता है ?

(a) मुम्बई में
(b) नागपुर में
(c) सूरत में
(d) तिरुवनन्तपुरम में

58. निम्नलिखित में से कौन एक उच्चावच प्रतिलोमन का उदाहरण है ?

(a) अपनतीय कटक

(b) अभिनतीय कटक

(c) दोहरा क्वेस्टा

(d) अभिनतीय घाटी

59. निम्नलिखित नदी जलधारा प्रतिरूपों में से किस एक का वक्रता सूचकांक सर्वाधिक पाया जाता है ?

(a) गुम्फित जलधारा

(b) विसर्पित जलधारा

(c) वक्र जलधारा

(d) सीधी जलधारा

60. निम्न प्लेट सीमाओं में से कौन पर्वतीकरण के लिए उत्तरदायी है ?

(a) संवर्द्धी प्लेट सीमा

(b) व्ययित प्लेट सीमा

(c) शीयर प्लेट सीमा

(d) इनमें से कोई नहीं

61. निम्नलिखित में से कौन एक अक्रमवर्ती सरिता है ?

(a) पूर्ववर्ती सरिता

(b) अनुवर्ती सरिता

(c) नवानुवर्ती सरिता

(d) परवर्ती सरिता

62. निम्न में से कौन एक सरिता अपहरण का परिणाम नहीं है ?

(a) शीर्ष कटी नदी

(b) बेमेल घाटी

(c) नतिलम्ब घाटी

(d) वात द्वार

63. पृथ्वी की निम्नलिखित में से किस विशेषता की व्याख्या चतुष्फलक परिकल्पना द्वारा नहीं की जाती है ?

(a) महाद्वीपों एवं महासागरों की प्रतिध्रुवस्थ व्यवस्था ।

(b) महाद्वीपों का प्रवाह ।

(c) प्रशान्त महासागर के चतुर्दिक वलित पर्वतों की शृंखला की अवस्थिति ।

(d) महाद्वीपों एवं महासागरों की त्रिभुजाकार आकृति ।

64. थार्न्थवेट के वर्गीकरण के अनुसार 64 से 127 के मध्य का टीई सूचकांक बताता है

(a) शुष्क जलवायु को

(b) मध्यतापीय जलवायु को

(c) सूक्ष्मतापीय जलवायु को

(d) उष्ण जलवायु को

65. निम्नलिखित में से कौन कोरिऑलिस बल के बारे में सही कथन नहीं है ?

(a) यह वायु की दिशा को प्रभावित करता है ।

(b) यह पृथ्वी की घूर्णन गति का परिणाम है ।

(c) यह ध्रुवों पर न्यूनतम एवं भूमध्यरेखा पर अधिकतम होता है ।

(d) कोरिऑलिस प्रभाव का परिमाण वायु की गति, गतिशील वस्तु के द्रव्यमान तथा अक्षांश रेखा के ज्या द्वारा निर्धारित होता है ।

66. ब्राजील द्रोणी एवं अर्जेन्टीना द्रोणी के मध्यस्थ मध्य अटलांटिक कटक को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है ?

(a) ब्रोमले पठार
(b) स्कोटिया कटक
(c) टेलीग्राफ पठार
(d) वालविस कटक

67. निम्न में से किसे सागरीय नखलिस्तान कहा जाता है ?

(a) प्रवाल भित्ति
(b) नेक्टन जैव समुदाय
(c) बेन्थिक जैव समुदाय के छिट-पुट क्षेत्र
(d) मेरोप्लैंकटन के छिट-पुट क्षेत्र

68. "समान अवस्थितियाँ जीवन यापन के समान ढंग प्रस्तुत करती हैं" किसने कहा है ?

(a) कार्ल रिटर
(b) फ्रेडरिक रैटजेल
(c) एल्सवर्थ हंटिंगटन
(d) विडाल डि ला ब्लाश

69. निम्न में से किसने अपने भूआकृतिक नियमों में 'न्यूनतम बल के सिद्धान्त' का उपयोग किया है ?

(a) जी.के. गिलबर्ट
(b) एम. मोरीसावा
(c) जे.टी. हैक
(d) एल.सी. किंग

70. 'आत्मनिर्भरता मूलक नगरीकरण' की संकल्पना का श्रेय दिया जाता है

(a) ए.ई. स्मेल्स को
(b) गेराल्ड ब्रीज को
(c) एच. कार्टर को
(d) लेविस मम्फोर्ड को

71. "भौतिक-भूगोल मानव-भूगोल का विस्तार है ।" उक्त कथन का श्रेय दिया जाता है

(a) कैमिले वैलो को
(b) जी.एफ. कार्टर को
(c) जीन ब्रूंश को
(d) पीटर डैनियल्स को

72. निम्नलिखित में से किसने 'पेडीप्लनेशन की संकल्पना' का प्रतिपादन किया है ?

(a) सी.एच. क्रिकमे
(b) एल.सी. किंग
(c) एस.ए. शूम
(d) डी.डब्ल्यू. जानसन

73. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ?

(a) पर्यावरणवाद – सी. रीटर
(b) नव-निश्चयवाद – ओ.एच.के. स्पेट
(c) सम्भाव्यवाद – जी. टेलर
(d) सम्भववाद – ई.सी. सेम्पुल

74. 'अनालिटिकल ह्यूमन ज्योंग्रफी' के लेखक हैं

(a) ए.वी. परपिलो
(b) जी.एफ. कार्टर
(c) पीटर ऐम्ब्रोज
(d) पी.डब्ल्यू. ब्रायन

75. मानव भूगोल में कल्याण उपागम का समर्थक था

(a) ऐनी बुटीमेर
(b) डी.एम. स्मिथ
(c) गुनार आल्सन
(d) पीटर गोल्ड

76. निम्नलिखित में से कौन एक अपरदन चक्र की अवस्थाओं के निर्धारण में सहायक नहीं होता है ?

(a) उच्चतामितिक समाकल

(b) तुंगतामितिक आवृत्ति वक्र

(c) द्विशाखन अनुपात

(d) अध्यारोपित परिच्छेदिकायें

77. पुरुषों से महिलाओं की जनसंख्या अधिक है

(a) चीन में

(b) भारत में

(c) इटली में

(d) संयुक्त राज्य अमेरिका में

78. निम्न प्रक्रियाओं में से कौन सूर्योदय तथा सूर्यास्त के समय क्रमशः अरुण एवं नारंगी रंग उत्पन्न करती है ?

(a) प्रतिलोम विकिरण

(b) विसहित परावर्तन

(c) रेले प्रकीर्णन

(d) अवशोषण

79. 'क्रिटिकल अइसोडोपन' की संकल्पना को प्रस्तावित किया था

(a) अल्फ्रेड वेबर ने

(b) एलेन प्रेड ने

(c) ऑगस्ट लॉश ने

(d) टॉर पैलेण्डर ने

80. 'द डाइनामिक्स ऑफ इंडस्ट्रियल लोकेशन' के लेखक हैं

(a) अल्फ्रेड वेबर

(b) एच.आर. जोन्स

(c) जे. कैनेल

(d) आर. हेयर

81. निम्नलिखित कोयला क्षेत्रों में से कौन रूस में अवस्थित नहीं है ?

(a) डोनेट्ज बेसिन

(b) कुजनेट्स्क बेसिन

(c) कारागण्डा बेसिन

(d) यूराल प्रदेश

82. सर्वाधिक विकसित अन्तर्देशीय जलमार्ग पाए जाते हैं

(a) एशिया में

(b) यूरोप में

(c) उत्तर अमेरिका में

(d) दक्षिण अमेरिका में

83. विश्व में टंगस्टन का सबसे बड़ा उत्पादक है

(a) ऑस्ट्रेलिया

(b) चीन

(c) रूस

(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

84. **कथन** (A) : फॉस्फेट उर्वरक पौधों की बढोत्तरी के लिए आवश्यक हैं ।

कारण (R) : मिट्टियों में फॉस्फोरस बहुत कम मात्रा में पाया जाता है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

85. **कथन (A)** : विश्व व्यापार संगठन का लक्ष्य स्वतंत्र व्यापार को प्रोत्साहन देना है ।

कारण (R) : वह ग्लोबीय अर्थव्यवस्था का प्रबन्धन निष्पक्ष रूप से नहीं करता है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

86. "थीम पार्क शक्ति का भू-दृश्य है ।" उक्त कथन का श्रेय दिया जाता है

(a) एडवर्ड वुल्फ को

(b) एल.एस. यापा को

(c) एम. जूक को

(d) एस. जूकिन को

87. व्यापारिक डेरी फार्मिंग के मुख्य लक्षण हैं

1. वह पूँजी सघन है ।
2. वह श्रम सघन है ।
3. वह अत्यधिक उत्पादक है ।
4. वह अत्यधिक व्यापारिक है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट

(a) केवल 1 एवं 3

(b) केवल 2 एवं 3

(c) केवल 1, 3 एवं 4

(d) सभी

88. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची – I (तेल शोधनशाला)	सूची – II (देश)
A. अबादान	1. सऊदी अरब
B. हैफा	2. ईरान
C. किर्कुक	3. इजराइल
D. रास तनौरा	4. इराक

कूट :

	A	B	C	D
(a)	2	1	4	3
(b)	2	3	4	1
(c)	1	3	2	4
(d)	4	2	3	1

89. निम्न में से किसने सर्वप्रथम 'पारिस्थितिकीय कर्मता (निकेत)' की संकल्पना विकसित की ?

(a) चार्ल्स डार्विन ने

(b) सी.एफ. क्लीमेण्ट्स ने

(c) ई.पी. ओडम ने

(d) जे. ग्रिनेल ने

90. निम्न मापकों में से किस एक का टारनेडो की प्रचण्डता तथा क्षति परिमाण को निर्धारण करने के लिए उपयोग किया जाता है ?

(a) फ्यूजिटा मापक

(b) मरकाली मापक

(c) सफिर-सिम्पसन मापक

(d) रिटर मापर

91. निम्न में से कौन एक वनस्पतियों के आनुक्रमिक विकास की प्रावस्थाओं का सही क्रम है ?

(a) नग्नावस्था, सुस्थिति (आस्थापन) स्थिरीकरण, प्रव्रजन, प्रतिक्रिया ।

(b) सुस्थिति (आस्थापन), प्रव्रजन, नग्नावस्था, प्रतिक्रिया, स्थिरीकरण ।

(c) नग्नावस्था, प्रव्रजन, सुस्थिति (आस्थापन), प्रतिक्रिया, स्थिरीकरण ।

(d) नग्नावस्था, प्रव्रजन, प्रतिक्रिया, सुस्थिति (आस्थापन), स्थिरीकरण ।

92. निम्नलिखित में से कौन पारिस्थितिक तंत्र की स्थिरता को बनाए रखने में सहायक नहीं है ?
(a) पारिस्थितिक तंत्र जटिलता
(b) पारिस्थितिक तंत्र विविधता
(c) पारिस्थितिक तंत्र एकरूपता
(d) समस्थितिक क्रियाविधि

93. वायुमण्डल में कार्बन मोनोऑक्साइड का मुख्य स्रोत है
(a) स्वचालित वाहन
(b) तेल शोधन शालाएँ
(c) रिफ्रिजरेटर
(d) ताप शक्ति संयंत्र

94. निम्नलिखित में से कौन सी प्राकृतिक आपदा मानव की क्रियाओं द्वारा सबसे कम प्रभावित होती है ?
(a) सूखा
(b) बाढ़
(c) भूस्खलन
(d) ज्वालामुखी उद्गार

95. अम्लीय वर्षा मुख्यत: उत्पन्न की जाती है
(a) कार्बन डाइऑक्साइड एवं सल्फर ऑक्साइड से
(b) कार्बन मोनोऑक्साइड एवं कार्बन डाइऑक्साइड से
(c) मिथेन एवं नाइट्रोजन ऑक्साइड से
(d) नाइट्रोजन आक्साइड एवं सल्फर ऑक्साइड से

96. निम्न में से कौन एक सही कथन है ?
(a) जैवमण्डलीय पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह एक दिशी होता है ।
(b) जैवमण्डलीय पारिस्थितिक तंत्र में श्वसन के कारण ऊर्जा का सापेक्षिक ह्रास बढ़ते पोषण स्तर के साथ घटता जाता है ।
(c) जैवमण्डलीय पारिस्थितिक तंत्र में पदार्थों का संचरण एक दिशी होता है ।
(d) डार्विन की प्रजातियों की उत्पत्ति की संकल्पना त्वरित प्रजाति उद्भवन के सिद्धान्त पर आधारित है ।

97. निम्न में से कौन एक ओजोन क्षरण की परिकल्पना नहीं है ?
(a) सल्फेट परिकल्पना
(b) क्लोरिन परिकल्पना
(c) कार्बन डाइऑक्साइड परिकल्पना
(d) ध्रुवीय समतापमण्डलीय मेघ परिकल्पना

98. निम्न में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?

(a) क्योटो प्रोटोकाल	–	कार्बन व्यापार
(b) पर्यावरणीय अधिप्रभाव आकलन	–	लिओपोल्ड मैट्रिक्स
(c) ग्रीष्म रहित वर्ष	–	सन् 1816 ई.
(d) मिलनकोविच सिद्धान्त	–	प्रजातियों की उत्पत्ति

99. भूमध्यरेखा की लम्बाई $2\pi R \cos 45°$ के बराबर पाई जाती है
(a) समक्षेत्र बेलनाकार प्रक्षेप पर ।
(b) गॉल त्रिविम प्रक्षेप पर ।
(c) ज्यावक्रीय प्रक्षेप पर ।
(d) मालवीड प्रक्षेप पर ।

100. निम्नलिखित में से कौन सा कथन द्विमानक शंकु प्रक्षेप के बारे में सही है ?
(a) यह एक समक्षेत्र प्रक्षेप है ।
(b) इस प्रक्षेप पर ध्रुव को बिन्दु के तौर पर दिखाया जाता है ।
(c) दो मानक अक्षाशों के मध्यवर्ती क्षेत्र में मापक में घटाव देखा जाता है ।
(d) इसे विश्वमानचित्र हेतु इस्तेमाल किया जा सकता है ।